संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं
सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश
E-mail : idspssu@mp.gov.in, Phone : 0755-4094192

क्रमांक/आई.डी.एस.पी./2020/ 871 भोपाल, दिनांक 17.06.2020

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला भोपाल (म.प्र.)।

**विषयः– कोरोना महामारी के सुझाव देने के संबंध में।**

माननीय मुख्य मंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्र क्रमांक/11071/CMS/PUB/2020 दिनांक 26.05.2020 (मूलतः संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके साथ LEO CORNELIO SVD Archbishop of Bhopal का ई–मेल मूलतः संलग्न कर प्रेषित करते हुये पत्र पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश देते हुये की गई कार्यवाही से शासन को एवं संबंधित को अवगत कराने के निर्देश दिये है। साथ ही कार्यवाही हो जाने के पश्चात विभाग के टर्मिनल में की गई कार्यवाही संक्षिप्त रूप में अंकित कर प्रकरण अपने स्तर से विलोपित करने के निर्देश दिये गये है। प्रकरण मूलतः आप से संबंधित होने के कारण उस पर आपके द्वारा कार्यवाही की जाना है।

अतः निर्देशानुसार प्रकरण पर आवश्यक कार्यवाही हो जाने के पश्चात विभाग के टर्मिनल में की गई कार्यवाही संक्षिप्त रूप में अंकित कर प्रकरण अपने स्तर से विलोपित करते हुये संबंधित को एवं इस कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नः– मूलतः उपरोक्तानुसार।

(डॉ.वीणा सिन्हा)
अपर संचालक (आई.डी.एस.पी.)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,म.प्र.
भोपाल, दिनांक..........06.2020

पृ. क्रमांक/आई.डी.एस.पी./2020/

प्रतिलिपिः– श्री केवल राम धुर्वे, अवर सचिव, मुख्य मंत्री, माननीय मुख्य मंत्री कार्यालय, म. प्र. मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर उनके पत्र क्रमांक/11071/CMS/PUB/2020 दिनांक 26.05.2020 के संदर्भ में कृपया सूचनार्थ।

अपर संचालक (आई.डी.एस.पी.)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्य प्रदेश

क्रमांक 2794 प्र.सचिव / लो.स्वा.प.क.
दिनांक 1/6/2020
CM Monit-C

मुख्य मंत्री कार्यालय
मध्य प्रदेश
मंत्रालय
वल्लभ भवन भोपाल - 462004

क्र. 269 अमुस / लो.स्वा / 20
दिनांक 30.05.2020

क्र.: 11071/CMS/PUB/2020

भोपाल,दिनांक 26/05/2020

विषयः कोरोना महामारी के सुझाव देने के संबंध में ।

LEO CORNELIO SVD Archbishop of bhopal द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी को संबोधित प्राप्त पत्र मूलतः संलग्न है। निर्देशानुसार अनुरोध है कि पत्र पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें तथा की गई कार्यवाही से संबंधित को अवगत कराने का कष्ट करें।

कार्यवाही हो जाने के पश्चात विभाग के टर्मिनल में की गई कार्यवाही संक्षिप्त रूप में अंकित कर प्रकरण अपने स्तर से विलोपित करने का कष्ट करें।

कृपया आपके कार्यालय के आंतरिक पत्राचार की प्रतिलिपि इस कार्यालय को पृष्ठांकित न करें।

(केवल राम धुर्वे)
अवर सचिव
मुख्यमंत्री

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

Dir/No. 864
In Date 3-6-2020
Out Date 3-6-2020

30 MAY 2020
प्रमुख सचिव (स्वा.)

Dir (IDSP)

Dr. Himanshu

3/6

saurabh.

DD (IDSP) 3/6.

11071/CMS/PUB/2020
26/5/2020

मध्यप्रदेश शासन

# कार्यालय, मुख्य मंत्री निवास
# भोपाल

क्रमांक 275 /मु.मं.नि./ भोपाल, दिनांक 21/05/2020

प्रति,

श्री सुधीर कोचर
उप सचिव, मा.मुख्यमंत्री,
मंत्रालय, मध्यप्रदेश शासन।

विषय :- कोरोना महामारी के संबंध में सुझाव ।

--0--

उपरोक्त विषय में लियो कार्नलियों आर्चबिसप, आर्चबिसप हाउस, 33 अहमदाबाद पैलेस रोड, भोपाल का पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें कोरोना महामारी संबंध में सर्वेक्षण कर निकले परिणामों के आधार पर कुछ आम लोगों द्वारा व्यक्त किये गए विचारों, सुझावों और चिंताओं से अवगत कराया गया है। प्राप्त पत्र की प्रति संलग्न प्रेषित है।

उपरोक्त संदर्भ में परीक्षण उपरांत समुचित कार्यवाही करना चाहें।

संलग्न- उपरोक्तानुसार

(एस.के.तिवारी)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी

6, श्यामला हिल्स, भोपाल (म. प्र.) दूरभाष : (0755) 2442231, 2442241 फैक्स : (0755) 2540501

Archdiocese of Bhopal
(Regd. No. 600 of 16-7-64)

**ARCHBISHOP'S HOUSE**
33, AHMEDABAD PALACE ROAD,
POST BOX 88,
BHOPAL - 462001 (M.P.) INDIA
PHONE : 0755-2540829, 4234903
FAX & TEL. : 0755-2544737 (Personal)
E-MAIL : archdiocebpl@gmail.com
Web: www.bhopaldiocese.net

08 मई 2020

सेवा में
श्री शिवराज सिंह चौहान
मान. मुख्यमंत्री,
मप्र शासन, भोपाल

मान. महोदय,

हमारे सर्वेक्षण से निकले परिणामों के आधार पर आम लोगों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों, सुझावों और चिंताओं से आपको अवगत कराना चाहते हैं:

1. भोपाल के 536 झुग्गी बस्तियों में अधिक परीक्षण और स्क्रीनिंग की तत्काल आवश्यकता है, जिसके लिए सरकार को चिकित्सा शिविरों का आयोजन करने की जरूरत है ताकि कोविड–19 मामलों की गहराई से जांच की जा सके। CMHO (BPL)

2. आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से झुग्गी क्षेत्रों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए तत्काल पौष्टिक भोजन की व्यवस्था आवश्यक है। जिन परिवारों के पास राशन कार्ड़ नहीं है उन्हे राशन कार्ड़ उपलब्द कराया जाए। (MH)

3. जन धन खातों में 500 रुपये की राशि को अत्यधिक गरीबी में रहने वाले परिवारों के लिए 2000 रुपये मासिक तक बढ़ाया जा सकता है।

4. प्रवासी तथा दैनिक मजदूरों जैसे घरेलू कामगार, मोची, रिक्शा चालक, ड्राइवर आदि को भोपाल के शहरी गरीब क्षेत्रों में विशेष रूप से भोजन और चिकित्सा सेवा के लिए राहत के उपाय उपलब्ध कराने की कोशिष हो।

5. आंगनवाड़ी फ्रंटलाइन वर्कर्स, मोहल्ला समिति और अन्य जैसे विभिन्न मंचों के माध्यम से बाल संरक्षण मुद्दों की नियमित निगरानी हो।

6. राशन कार्ड वाले परिवार को केवल चावल मिल रहा है, सरकारी प्रावधानों के अनुसार अन्य राशन भी दिया जाए।

7. राशन की दुकानों और सहकारी समितियों के साथ, सरकार राशन के वितरण में गैर सरकारी संगठनां / सामाजिक विकास संगठनों को शामिल करे ताकि आवश्यक सामग्री सभी परिवारों तक पहुंच सके।

पूरा कैथोलिक ईसाई समुदाय तथा हमारी सस्थाएँ राज्य से कोरोना महामारी के उन्मूलन हेतू आपके सरकार के प्रयासों का समर्थन करता हैं तथा जहाँ तक हो सके हमारी सस्थाओ से जुडे सिसटर फादर हास्पिटल स्टाफ तथा शिक्षक व कर्मचारीगण सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। साथ साथ ईश्वर से हमारी प्रार्थना है इस साक्रमण का शीघ्र ही निवारण हो।

धन्यवाद सहित।

DJ CKY

✝ LEO CORNELIO, SVD
Archbishop of Bhopal